पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-6

मंगलवार, दिनांक-1 मार्च, 2011 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

(1) **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 04 तारांकित प्रश्न क्रमांक 191 से 193 तथा 199 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 41 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री जनार्दन मांझी

(iii) श्री पद्म पाराग राय वेणु

(3) **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) सर्वश्री राहुल कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा एवं अन्य आठ सभासदों की लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री राहुल कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा जिसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) सर्वश्री तारकिशोर प्रसाद, विभाष चन्द्र चौधरी तथा विनोद कुमार सिंह, स०वि०स० की स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा जिसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(4) सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा राजकीय आश्वासन समिति का 215वाँ प्रतिवेदन को सभा पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 4.27 बजे अप० तक ।

(5) वित्तीय कार्य :- **वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श (दि० 28.02.11 से जारी):-**

वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक पर विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लियाः-

(i) श्री रामेश्वर प्रसाद

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) डॉ० मु० जावेद (iii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(iv) डॉ० प्रमोद कुमार सिंह (v) श्री शालिग्राम यादव

(vi) श्री अवधेश कुमार राय

आसन से घोषणा की गई कि सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार सरकार के उत्तर होने तक किया जाता है ।

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दरम्यान विपक्ष के माननीय सदस्यगण विरोध प्रकट करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए ।

(6) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 11 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 03 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-01.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।